## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक गंभीर

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत जपला रेलवे स्टेशन के आउटर सिग्नल के समीप स्थित बख्शी हाई स्कूल के पास गुरुवार की रात्रि ट्रेन की चपेट में आने से जोधन राम के 24 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार का एक पैर कट गया। गंभीर रूप से घायल युवक को जपला आरपीएफ ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। घायल व्यक्ति ऊंटारी रोड थाना क्षेत्र के छतरपुर के रहने वाले हैं।

### सभी वर्गों का बजट में रखा गया है ध्यान



**पांकी।** केंद्रीय बजट का भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने सराहना की है। उनका कहना है कि इस बजट में किसान,नौकरी पेशा से लेकर व्यापारियों तक का पूरा ध्यान रखा गया है। इसमें किये गये प्रावधानों से देश के विकास को नई गति मिलेगी। यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला, वरिष्ठजनों, पिछड़ों, जनजाति समाज समेत हर वर्ग के अंतिम छोर के व्यक्ति की आशाओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। इस बजट से देश के लिए असीम संभावनाओं का द्वार खुल गया है। समावेशी विकास पर आधारित यह बजट सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

### हेमंत को गिरफ्तार किया जाना भाजपा की तानाशाही



**विश्रामपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया जाना भाजपा की तानाशाही है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री विचलित होने वाले नहीं हैं। धरती पुत्र शिबू सोरेन के पुत्र हैं जो झारखंड राज्य को अपने खून-पसीने से सिंचित किये हैं। राज्य की जनता इनके साथ खड़ी है। विश्रामपुर कांग्रेस हेमंत के साथ खड़ी है। विश्रामपुर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने शुक्रवार को एक वार्ता के दौरान उक्त विचार व्यक्त करते हुये चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि सीएम चंपई सोरेन जमीन से जुड़े नेता हैं। इनके नेतृत्व में राज्य का विकास होगा। भाजपा को आड़े हाथ लेते हुये उन्होंने कहा कि देश की जनता सब जान रही है। चुनाव में इसका करारा जबाब देगी।

### नल-जल योजना से जलापूर्ति शुरू करने की मांग

# दूसरे दिन भी जारी रहा भाकपा माले का अनशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पांकी प्रखंड में नल-जल योजना से पेयजल आपूर्ति शुरू करने की मांग को लेकर एक फरवरी से भगत सिंह चौक पर भाकपा माले द्वारा किया जा रहा अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को अनशन स्थल पर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे। पांकी प्रखंड के सभी पंचायतों में पेयजल की गारंटी देना होगा,ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के तहत सभी घरों में पानी देना होगा, योजना में घपले की जांच कराओ के नारे के साथ ग्रामीणों ने अपनी आवाज बुलंद की। मौके पर पहुंचे भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि गर्मी का मौसम आते ही क्षेत्र का जलस्तर नीचे चला जाता है। पांकी प्रखंड में 48 करोड़ की लागत से नल जल योजना 2018 में शुरू किया गया था। जिसके तहत 52 गांवों को पानी मुहैया कराना है। इनमे सं 26 गांव अमानत नदी से पूरब तथा 26 गांव अमानत नदी से पश्चिम हैं। तमाम गांवों में पाईप भी बिछा दिया गया है। ठेकेदार द्वारा तो कार्य पूर्ण होने की सूचना भी विभाग को दे दी गयी है, किंतु धरातल पर हालत बिल्कुल विपरीत हैं। स्थिति यह है कि पांकी कस्बे में ही पाईप से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। मौके पर लातेहार जिला सचिव बिरजू राम,पलामू जिला सचिव आरएन सिंह, आइसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ, बीएन सिंह, दिव्या भगत, महेंद्र राम, गुड्डू भुइयां मौजूद थे।



### जिला परिषद बोर्ड में उठा है मामला

धरने पर बैठी पांकी मध्य जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी ने कहा कि उनके द्वारा जिला परिषद बोर्ड की बैठक में कई बार आवाज उठाने के वावजूद आज तक उक्त मामले में जांच कर उचित कदम नहीं उठाया गया। जिससे उक्त योजना में भयंकर अनियमितता का अंदेशा प्रतीत हो रहा है। प्रत्येक घर में टोटी देकर फर्श भी नहीं बनाया जा सका है।

### एमओ ने राशन डीलरों के साथ की बैठक, दिये निर्देश

# ससमय राशन व चना दाल का वितरण करें डीलर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने राशन डीलरों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान एमओ ने उपस्थित राशन डीलरों को खाद्य आपूर्ति से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सभी राशन डीलरों को ससमय राशन और चना दाल वितरण करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही आधार सिडिंग के सभी कार्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाये। ताकि वैसे लाभुक जो अंगूठा नहीं लगने की वजह से योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं वे भी लाभ ले सकें। इसके अलावा मृत या छह माह से राशन उठाव नहीं करने वाले लाभुक का नाम विलोपित करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर राशन डीलर अभिमन्यु सिंह, उदय यादव, विमलेश कश्यप, प्रवीण कुमार, उमेश पासी, मिथिलेश राम, सूर्यनाथ पासवान, ललन पासवान, सीताराम मेहता मौजूद थे।

### मुखिया ने बीडीओ को सौंपा पत्रक, बुलंद की आवाज

# ग्राम सभा की सूची से हो अबुआ आवास का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर ग्राम सभा की सूची के आधार पर अबुआ आवास योजना के क्रियान्वयन की मांग की है। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना झारखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके क्रियान्वयन में ग्रामसभा की महत्वपूर्ण भूमिका निर्धारित की गई है। सरकार के निर्देश के आलोक में अबुआ आवास के लाभुकों की सूची के प्रकाशन एवं प्राथमिकीकरण हेतु प्रत्येक पंचायत में ग्रामसभा कर अग्रेतर एवं आवश्यक कार्य हेतु प्रखण्ड कार्यालय को समर्पित किया गया था, किन्तु प्रखण्ड कार्यालय से जीओ टैग कराने हेतु प्राप्त सूची, ग्रामसभा के द्वारा प्रेषित प्राथमिकता सूची से अलग है। ग्राम सभा द्वारा क्रमशः योग्य लाभुकों का नाम प्राथमिकता सूची में ऊपर रखा गया था, किन्तु प्रखण्ड से प्राप्त सूची में उनका नाम नीचे दर्शाया गया है। जिससे अति योग्य लाभुको कों तत्काल आवास प्राप्त होने से वंचित होना पड़ जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की प्राथमिकता सूची एवं प्रखण्ड द्वारा प्राप्त जीओ टैग कराने वाली सूची में काफी भिन्नता होने के कारण जहां एक तरफ ग्रामसभा के औचित्य पर प्रश्न खड़ा हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ सरकार एवं पंचायती राज अधिनियम की अनदेखी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामसभा द्वारा तय की गई प्राथमिकता सूची के आलोक में जीओ टैग कराते हुए अबुआ आवास योजना के अति योग्य लाभुकों का आवास निर्माण शुरू नहीं कराया गया तो मुखिया संघ आंदोलन के लिये बाध्य होंगे।

### नीतिन गडकरी तक पहुंचा किसानों के मुआवजे का मामला

**सतबरवा।** प्रखंड अंतर्गत उदयपुर से लहलहे तक बन रहे फोरलेन सड़क में अधिगृहित जमीन का अभी तक उचित मुआवजा नहीं मिलने से किसानों में रोष व्याप्त है। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने ट्विटर के माध्यम से सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के कई गरीब किसानों का जमीन उदयपुर से लहलहे तक बन रहे फोरलेन सड़क में चला गया है। उन्हें मुआवजे के नाम पर अभी तक सिर्फ ठगा जा रहा है। जबकि सड़क का मिट्टी मोरम का काम लगभग पूरा हो चुका है। किसानों के द्वारा कई बार धरना भी दिया जा चुका है। इसके बाद भी उन्हें अभी तक महज आश्वासन ही मिला है।

### सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें अनुपालन




**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, एसआई प्रकाश कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार व प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में स्थानीय बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने शुक्रवार को हरिहरगंज शहरी क्षेत्र में रैली निकाली। रैली में शामिल छात्राओं ने सड़क सुरक्षा संबंधित विभिन्न श्लोगन लिखे तख्ती हाथों में लेकर नारा लगाते हुये क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत किया। इस दौरान छात्राओं ने नागरिकों को बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। थाना प्रभारी ने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र में वाहन कदापि न चलायें तथा वाहन चलाते समय आवश्यक कागजात साथ में लेकर ही चलें। मौके पर शिक्षक अनूप कुमार, अमित कुमार, सच्चिदानंद सिंह, केदार नाथ मौर्या आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर से दबकर मजदूर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर-नेउरा रोड के निमियां गांव में शुक्रवार की शाम ट्रैक्टर की चपेट में आने से चैनपुर के अहिराही टोला निवासी मजदूर 25 वर्षीय विजय भुईयां की मौके पर मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। जानकारी के अनुसार विजय भुईयां निमिया से अपने घर पैदल सड़क के रास्ते से जा रहा था। इसी दौरान पीछे से ईट लेकर आ रहे ट्रैक्टर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। ट्रैक्टर नेउरा निवासी जिनब का बताया जा रहा है। मृतक की पत्नी एवं बेटी का रो-रो कर बुरा हाल है।

# कार सवार पिता-पुत्र पर पिस्तौर की बट से प्रहार

### पैतृक निवास स्थान से लौटते समय कुटुंबा थाना क्षेत्र में हमला

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** कुछ लोगों द्वारा एक कार को रुकवा कर उसमें सवार पिता-पुत्र पर पिस्तौल के बट से प्रहार का मामला प्रकाश में आया है। हमलावरों ने कार रुकवाकर दोनों की बेरहमी से पिटाई की। घटना हरिहरगंज से सटे सीमावर्ती कुटुंबा थाना क्षेत्र के बसडीहा गोपाल गांव के समीप की है। मारपीट की घटना में उक्त गांव निवासी मनोज कुमार सिंह तथा उनके पुत्र मयंक राज गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनका इलाज औरंगाबाद सदर अस्पताल में कराया गया। मामले को लेकर जख्मी मनोज ने कुटुंबा थाना में एफआईआर के लिए आवेदन दिया है। पुलिस को दिए गए आवेदन में उसने गांव के ही कुछ लोगों के विरूद्ध आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि वह अपने पैतृक निवास स्थान बसडीहा गोपाल गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां से हरिहरगंज बेलौदर स्थित वर्तमान आवास पर लौटने के क्रम में गर्ल्स हाई स्कूल के पीछे भोकला नहर के समीप पहले से घात लगाकर बैठे लोगों ने कार को रुकवा कर मारपीट शुरू कर दी। एक अपराधी ने पिस्तौल के बट से उनके बेटे के सिर पर प्रहार कर दिया। इस दौरान हमलावर सोने का चेन व रुपए भी छीन लिया। इस सबंध में थानाध्यक्ष अनंत कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## शिक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**पाटन।** बीडीओ अमित कुमार झा के द्वारा प्रखंड के सभी विद्यालयों का औचक निरीक्षण का क्रम लगातार जारी है। इसी बीच गुरुवार को राजहरा पंचायत में योजनाओं का उद्घाटन करने पहुंचे बीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय पहरीपर टोला खाम्ही में निरीक्षण के दौरान क्लास में महज सात छात्रों की उपस्थिति पर नाराजगी जतायी। कक्षा एक से पांचवी कक्षा तक संचालित होने वाले स्कूल में महज एक शिक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने एमडीएम की गुणवत्ता पर भी नाराजगी जतायी। सेविका ओर शिक्षक को निर्देशित किया कि बच्चों को हर हाल में पौष्टिक आहार ही उपलब्ध करायें। कहा कि शिक्षा के साथ किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जायेगा। बीडीओ ने ग्रामीणों से चर्चा के दौरान अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिये प्रेरित किया।

## नवागत डीटीओ जितेंद्र यादव पहुंचे कार्यालय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के नये जिला परिवहन पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार यादव शुक्रवार को पलामू कार्यालय पहुंचे। यहां कार्यालय के प्रधान सहायक मनोज कुमार के नेतृत्व में कर्मियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि वे सोमवार को विधिवत प्रभार ग्रहण करेंगे।



### आसेहार में महाकाल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, खेल प्रेमियों में उत्साह

# प्रतियोगिता में खेल भावना की भूमिका अहम

**नवीन मेल संवाददाता**



**सगालीम।** पांकी प्रखंड के आसेहार में महाकाल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह और आसेहार पंचायत के मुखिया देवसागर राम ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। टास जीतकर भवरदह की टीम ने गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी हुरलोंग की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 9 विकेट खोकर 168 रन बनाये। जबाब में खेलने उतरी भवरदह की टीम 162 रन ही बना सकी। अपने संबोधन में पूर्व विधायक ने कहा कि प्रतियोगिता में खेल भावना की भूमिका अहम होती है। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष नीतीश कुमार सिंह,सचिव राम प्रवेश सिंह, कोषाध्यक्ष नगीना सिंह, मिथिलेश गिरी, गणेश प्रजापति,मो. अनवर हुसैन, पिंटू कुमार गुप्ता, अक्षय कुमार, संजीत कुमार प्रजापति उपस्थित थे।

## दायित्व

### भाजपा के नये जिलाध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण

# कार्यकर्ता प्रधान पार्टी है बीजेपी

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में शुक्रवार को समारोह का आयोजन कर पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अमित तिवारी को पदभार ग्रहण कराया। मौके पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह के साथ-साथ प्रदेश, जिला व मंडल के प्रभारी व अध्यक्ष के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने की। उन्होंने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि दायित्व तो आते-जाते रहते हैं। बीजेपी कार्यकर्ता प्रधान पार्टी है। हम सब केवल और केवल एक कार्यकर्ता हैं। उन्होंने अध्यक्ष अमित तिवारी को पूर्ण सहयोग करने का वचन दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि पार्टी के लिए कार्यकर्ता सर्वोपरी होते हैं। यहा केवल दायित्व परिवर्तन होता है। कार्यक्रम के प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह ने अपने संक्षिप्त सम्बोधन में कहा कि अधिक से अधिक विधायक जिले से जीत कर जाएंगे तो उतना ही अधिक जिला अध्यक्ष का मान-सम्मान बढ़ेगा। कहा कि इस जिले के सम्मान के लिए मैं निरंतर खड़ा रहूंगा। अमित तिवारी ने कहा कि भाजपा में पद नहीं बल्कि दायित्व होता है। इस पार्टी में प्रतिभा को पहचाना जाता है और उसके अनुरूप ही दायित्व दिया जाता है। संचालन युवा मोर्चा के महामंत्री श्वेतांक गर्ग ने किया। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष विपिन बिहारी सिंह, परशुराम ओझा, प्रेम कुमार सिंह, नरेंद्र पांडे, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह, राष्ट्रीय किसान मोर्चा के सदस्य अशोक सिंह,पूर्व सांसद मनोज कुमार, प्रभात भुईयां, उदय शुक्ला, अविनाश वर्मा, रामप्रवेश सिंह,ज्योति पाण्डेय, रामेश्वर राम उपस्थित थे।

## मनिका विधायक के मंत्री बनने की आस



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष परवेज अली उर्फ मुन्ना खान, राज्यसभा सांसद श्री धीरज साहू व मनिका विधानसभा के प्रभारी ओम प्रकाश अमन एवं जिला सचिव सौरभ तिवारी ने संयुक्त वार्ता में शीर्ष व प्रदेश नेतृत्व से पलामू प्रमंडल के मनिका से विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्री बनाये जाने का आग्रह किया है। पदाधिकारियों ने कहा कि विधायक रामचंद्र मनिका विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक तीन बार प्रचण्ड वोट से जीत हासिल कर चुके हैं। क्षेत्र ही नहीं प्रदेश में भी उनकी पहचान जुझारू नेता की रही है। उन्हें इस वर्ष उत्कृष्ट विधायक का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। उनके मंत्री बनने से जहां प्रमंडल के कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा होगा। वहीं क्षेत्र का विकास भी हो सकेगा।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

वर्तमान दौर शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कार्य सहित रक्षा के क्षेत्र में भी महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया है। पलामू की महिलाओं में भी अपार शक्ति है। शिक्षा के माध्यम से इसे साकार करें

डॉ. अनुपमा गुप्ता प्राचार्य ज्योति प्रकाश बीएड कॉलेज

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पांकी प्रखंड के ग्राम बनखेता निवासी कुलेश सिंह के 25 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार का इलाज के दौरान शुक्रवार को निधन हो गया। ज्ञात हो कि प्रदीप विगत 25 जनवरी को पांकी स्थित गजबोर के पास बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। रांची के मेतास हॉस्पिटल में उनका इलाज किया जा रहा था। आठ दिनों की जद्दोजहद के बाद अंततः वे जिंदगी की जंग हार गये।

### शिक्षाविदों ने अंतरिम बजट को सराहा कहा पूर्ण बजट अधूरेपन को करेगा पूरा

# पीएम के विकसित भारत मिशन को साकार कर रहा बजट



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चुनावी वर्ष में केंद्र सरकार द्वारा पेश अंतरिम बजट को जिले के शिक्षाविदों ने सराहा है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि बजट के अधूरे प्रावधानों को निश्चित ही चुनाव बाद पेश होने वाले पूर्ण बजट से पूर्ण किया जायेगा।



बजट पीएम मोदी के विकसित भारत मिशन को साकार कर रहा है। इससे निश्चित ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की अवधारणा का आधार तैयार हुआ है। हालांकि बजट में महंगाई रोकने वाले प्रावधानों का समावेश सोने पर सुहागा साबित होता

**डा. अनुपमा गुप्ता, प्राचार्य, ज्योति प्रकाश महिला बीएड कालेज।**



बजट में किसानों, महिलाओं, युवाओं सभी के लिये कुछ न कुछ प्रबंध किया गया है। हालांकि चुनावी वर्ष होने के कारण इस पर चुनावी छाया भी अवश्य दृष्टिगोचर हो रही है। इसके बाद भी बजट को हम समावेशी की श्रेणी में रख सकते हैं।

**वीणा तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर।**



बजट में स्पष्टतया विकसित भारत के संकल्प की छाया दिख रही है। हालांकि रसोई गैस सहित अन्य आम उपभोग की वस्तुओं की महंगाई रोकने का प्रावधान कर मध्यम वर्ग को राहत पहुंचाने की दिशा में कदम उठाने चाहिये थे।

**बजट के अधूरे प्रावधानों को निश्चित ही चुनाव बाद पेश होने वाले पूर्ण बजट से पूर्ण किया जायेगा**

**माया त्रिपाठी, असिस्टेंट प्रोफेसर।**



लखपति दीदी योजना के लिये बजट में अलग से किया गया प्रावधान महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कारगर होगा। इससे निश्चित ही महिलाओं के आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने का मार्ग प्रशस्त होगा।

**अंजना दुबे, असिस्टेंट प्रोफेसर।**

## एक नजर

### चंपई सोरेन के शपथ ग्रहण का किया स्वागत

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने चंपई सोरेन के सीएम के रूप में शपथ ग्रहण का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि श्री सोरेन वरिष्ठ व अनुभवी राजनेता हैं। उनके नेतृत्व में निश्चित ही झारखंड के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर विपक्षी नेताओं को ईडी व सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से परेशान करने का आरोप लगाते हुये तीखी निंदा की है। जनता सब देख रही है। आगामी चुनावों में इसका जबाब अवश्य देगी।

### चैनपुर तालाब की भूमि पर अतिक्रमण चिंताजनक

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, एआइएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी,रीतेश तिवारी, जमालुद्दीन अंसारी एवं निरंजन प्रसाद कमलापुरी ने चैनपुर बाजार स्थित मुख्य तालाब का निरीक्षण कर हो रहे अतिक्रमण पर चिंता जतायी। इस दौरान उन्होंने पाया कि तालाब का व्यापक पैमाने पर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिला सचिव ने आरोप लगाया कि चैनपुर राजघराना के सदस्यों द्वारा स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से तालाब पर अतिक्रमण किया जा रहा है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये चैनपुर सहित अन्य जलाशयों पर हो रहे अतिक्रमण पर रोक सहित अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक सहित चार घायल

**मेदिनीनगर।** सीमावर्ती गढ़वा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के अरार गांव के पास ट्रैक्टर पलटने चालक सहित चार मजदूर घायल हो गये। हादसे में घायल मजदूर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि परो गांव में पुल का निर्माण हो रहा है। वे सभी ट्रैक्टर से सरिया लेकर निर्माण स्थल पर जा रहे थे। इसी दौरान अरार गांव के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे सभी गिरकर घायल हो गये। सभी घायलों को मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मिशन समृद्धि की पाठशाला बच्चों को बना रही सशक्त

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की पाठशाला गरीब बच्चों को शिक्षित कर उन्हें सशक्त बना रही है। निःशुल्क संचालित होने वाली यह पाठशाला पलामू की पहली पाठशाला है जहां बच्चों को विषय की जानकारी के साथ -साथ उन्हें नैतिक आयामों से भी परिचित कराया जा रहा है। बैजन्ती गुप्ता, रंजीता, वीणा, ऋषि आदि इस मुहिम में तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

# दुष्कर्म का वीडियो बनाकर कर रहा था ब्लैकमेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** टाउन थाना क्षेत्र में एक लड़की के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाने के आरोपी जैकी खान को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। बताया जाता है कि पड़ोस में रहने वाली एक लड़की से दुष्कर्म कर आरोपी वीडियो बनाकर लंबे समय से पीड़िता को ब्लैकमेल कर पैसे की मांग कर रहा था। पीड़िता द्वारा लोकलाज के भय से उसे कई बार पैसे भी दी थी। उसके बाद भी आरोपी युवक पीड़िता से पैसों की मांग करता रहा। जब पीड़िता ने पैसा देने से इनकार कर दिया तो आरोपी ने पीड़िता का वीडियो और फोटो उसके मंगेतर को भेज दिया। इसके बाद पीड़िता ने पूरे मामले में मेदिनीनगर टाउन थाने में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



### दुबियाखाड़ आदिवासी विकास महाकुंभ मेला 11 फरवरी से

# आकर्षक होगा राजकीय आदिवासी विकास मेला: डीसी

**उपायुक्त ने पदाधिकारी व मेला समिति संग की बैठक**

**सरकारी विभागों के लगेंगे स्टॉल, परिसंपत्तियों का होगा वितरण**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमण्डलीय मुख्यालय से दस किलोमीटर दूर रांची रोड में चियांकी के समीप स्थित दुबियाखाड़ में हर वर्ष लगने वाले दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेले की प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। दो दिवसीय मेले का आयोजन 11 फरवरी से किया जायेगा। इसे लेकर शुक्रवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद,वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारेलाल, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, सदर अंचलाधिकारी अमरदीप बल्होत्रा, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा एवं राजा मेदनी राय स्मृति न्यास सह मेला समिति के अध्यक्ष व सचिव समेत अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक में मेला के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों के स्टाल लगाने, परिसंपत्तियों का वितरण करने, विभिन्न सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त श्री रंजन ने सभी विभाग के पदाधिकारियों को मेले को बेहतर तरीके से सफल बनाने को निर्देशित किया। उन्होंने मेला परिसर में शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर भी कई निर्देश दिये। उन्होंने मेले को भव्य, आकर्षक, बेहतरीन व व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से मेला प्रबंधकीय समिति का गठन करते हुए उन्हें मेला के लिए मिनट टू मिनट सूची बनाने, अतिथियों को निमंत्रण भेजने, संपूर्ण मेले की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने मेला के जरिये ट्राइबल फूड व ट्राइबल कपड़ों के साथ ट्राइबल संस्कृति को बढ़ावा देने पर बल दिया।



**एक समय था जब इस मेले की भव्यता के चर्चे झारखंड के साथ दूसरे राज्यों में भी सुनाई पड़ते थे, लेकिन अब मेले का वह शोर स्मृति बनकर रह गया है**

### राज्य सरकार प्रदेश की कला

संस्कृति और परंपराओं को अक्षुण्ण बनाये रखने का दंभ तो भरती है, लेकिन इसपर अमल होता नहीं दिखता। हर वर्ष यहां पहुंचने वाले राज्य के मंत्री, विधायक या आला अधिकारी आदिवासी सांस्कृतिक की पहचान को सशक्त बनाने के वायदे तो खूब करते हैं, किंतु उन्हें अमलीजामा पहनाना किसी को याद नहीं रहता। एक समय था जब इस मेले की भव्यता के चर्चे झारखंड के साथ दूसरे राज्यों में भी सुनाई पड़ते थे,लेकिन अब मेले का वह शोर स्मृति-शेष बनकर रह गया है। विदित हो कि पलामू के प्रतापी राजा मेदिनीराय ने 1658 से 1674 तक पलामू के इलाके पर शासन किया था।

### 1994 से शुरू हुआ दुबियाखाड़ मेला

अविभाजित बिहार के समय वर्ष 1994 में पलामू के बेहद लोकप्रिय राजा मेदिनीराय (इन्हीं के नाम पर डालटनगंज का नाम मेदिनीनगर पडा) की प्रतिमा दुबियाखांड़ में स्थापित कर इस स्थल पर हर वर्ष आदिवासी कुंभ मेले (राजस्व मेला) के आयोजन की घोषणा की। उसके बाद हर वर्ष राजा मेदिनीराय की याद में मेला आयोजित किया जाता है।

### भगवान शंकर के प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

# हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजा कौड़िया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के कौड़िया पंचायत स्थित झरिया आहर के पास शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित भगवान शंकर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान भक्तों द्वारा लगाये जा रहे हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के प्रारंभ में आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि विधायक के जिला प्रतिनिधि भीष्म नारायण चौरसिया को बुके देकर उनका स्वागत किया गया। जिला परिषद बासु देवी, कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह, सुआ मुखिया दुलारी देवी, शारजा मुखिया अलका कुमारी, टाइगर कुमार, बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, शिव मंदिर के मुख्य पुजारी सुरेंद्र प्रसाद साव, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, मुकेश प्रसाद गुप्ता, पंसस अजीत सिंह, शिक्षक रविंद्र सिंह, समाजसेवी उपाध्याय सिंह आदि के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा तेलिया बंद स्थित कोयल नदी तट पर पहुंची। वहां से कलश में जल भरकर विधि-विधान पूर्वक मंदिर परिसर में स्थापित किया गया। मौके पर राज दुलार सिंह, मुकेश पांडे, विधायक प्रतिनिधि हृदय सिंह, मनोज सिंह, अनूप सिंह, देवेंद्र ठाकुर, संतोष प्रसाद साव, कृपा राम मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सदर थाना प्रभारी दिवाकर कुमार सदल-बल तैनात रहे।

### कनकनी बढ़ने से जनजीवन प्रभावित, लोग परेशान

# दिन चढ़ने तक कोहरे की आगोश में पलामू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में इन दिनों मौसम का मिजाज हर रोज बदलता दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को दिन चढ़ने तक शहरों के साथ ग्रामीण इलाके भी घने कोहरे के आगोश में रहे। दृश्यता कम होने के कारण जहां वाहन दिन में भी लाईट जलाकर संचालित होते देखे गये। वहीं कनकनी बढ़ जाने से आम जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम के अप्रत्याशित मिजाज के कारण सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को भी परेशानी उठानी पड़ी। फरवरी माह में मौसम का बदला रूप लोगों के लिये अबूझ पहेली साबित हो रहा है।

### पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच महासम्मेलन की तैयारी तेज

**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच द्वारा 11 फरवरी को मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में आयोजित महासम्मेलन की तैयारी तेज कर दी गयी है। अभियान रथ यात्रा के माध्यम से नुक्कड़ सभा कर लोगों को महासम्मेलन में भाग लेने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। अभियान रथ पांडू प्रखंड के विभिन्न इलाकों में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। संयोजक मंडल के ब्रह्मदेव प्रसाद, विजय चंद्रवंशी, अख्तर अंसारी, अमर प्रसाद, बंदला गांव के मुखिया इंद्रजीत,संतोष गुप्ता आदि ने हक-अधिकार के लिये सभी को महासम्मेलन में भाग लेने के लिये प्रेरित किया।

### पांडू थाना क्षेत्र के गोल्पा व रतनाग में छापेमारी कर पुलिस ने किया पर्दाफाश

# चोरी व लूट की नौ बाइकों के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

**अनुसंधान के क्रम में सूचना मिली कि इस घटना को अंजाम रतनाग के कुछ लड़कों ने दिया है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पांडू थाना क्षेत्र के गोल्पा गांव के विकास भुईयां के घर से चोरी की छह मोटरसाईकिलें बरामद की है। वहीं एक अन्य लूट के मामले में रतनाग गांव से पुलिस ने तीन मोटरसाइकलें बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने दोनों मामलों में तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जानकारी देते हुए एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गोल्पा गांव के विकास कुमार पिता विजय भुइयां के घर पुलिस ने छापेमारी की तो उसके घर से छः मोटरसाईकिलें मिलीं। मोटर साईकिलों का कागजात मांगने पर विकास किसी भी प्रकार का कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया। सख्ती से पूछताछ में उसने बताया कि उक्त सभी मोटरसाईकिलें जपला, नौडीहा बाजार तथा लाठेया के क्षेत्र से चोरी कर बेचने के लिए अपने घर में छुपा कर रखा है। पुलिस ने सभी बाइकों को जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य लूट की घटना के सम्बन्ध में एसपी ने बताया कि 27 जनवरी को पाण्डू थाना अन्तर्गत बनवारी मोड के पास तीन अज्ञात लुटेरों ने सुदामा बैठा पिता लक्ष्मण बैठा ग्राम चिरौंजिया थाना गढ़वा से उनकी मोटरसाईकिल एवं मोबाईल फोन को डंडा से मारपीट कर छीन लिया था। अनुसंधान के क्रम में सूचना मिली कि इस घटना को अंजाम रतनाग के कुछ लड़कों ने दिया है। जिसके बाद पुख्ता जानकारी के आधार पर छापेमारी सोनू सिंह के घर से बिना नंबर की स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाईकिल बरामद की गयी। पूछताछ में सोनू ने लूट की घटना में शामिल अपने एक अन्य दोस्त का नाम संतोष रजक बताया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने संतोष को भी धर दबोचा।



### गोतिया से खुन्नस में दिया लूट को अंजाम

पूछताछ में पता चला कि संतोष रजक उसी लड़की के गोतिया परिवार से है। जहां से रिश्ता तय कर सुदामा बैठा लौट रहे थे। संतोष का अपने गोतिया से हमेशा विवाद रहता है। इसी कारण बदला लेने के लिये उसने इस घटना को अंजाम दिया ताकि लड़की की शादी टूट जाये । पुलिस ने यहां से तीन मोटरसाईकिलें बरामद किया है।

## चेगौना धाम के पास विधायक ने पांच योजनाओं का किया शिलान्यास

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड के खोड़ी पंचायत के चेगौना धाम के पास विधायक पुष्पा देवी ने तीन कब्रिस्तान की चारदीवारी और विधायक कोटे की राशि से बनने वाली चार पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने गांव को विकसित करने के लिए किए जा रहे प्रयास में आम लोगों को सहयोगी बनने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि गांव में सड़कों का होना अतिआवश्यक है। वह इस प्रयास में लगी है कि सभी गांव तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचे। विशिष्ट अतिथि सह पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि चलो गांव की ओर एक कार्यक्रम है जिसमें लोगो को ये बताया जाएगा कि मोदी जी ने इस देश को कैसे बदलकर प्रगतिशील मार्ग पर लाया है। इस कार्य को सभी कार्यकर्ता को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया पूरन यादव व संचालन विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी ने किया। मौके पर जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, छतरपुर युवा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रजापति, वरिष्ठ भाजपा नेता जैनेंद्र यादव, संतोष प्रसाद गुप्ता, नसरुल्लाह अंसारी, सत्यनारायण प्रसाद आदि मौजूद थे।

**विधायक ने गांव को विकसित करने के लिए किए जा रहे प्रयास में आम लोगों को सहयोगी बनने का आह्वान किया।**

## अनोखा

### छिपोदोहर रेलवे स्टेशन पर पीपल के विशालकाय पेड़ों पर मधुमक्खियों का डेरा

# मधुमक्खियों से सावधान का बोर्ड देख हैरत में यात्री

**इस स्टेशन पर दशकों पुराने दो विशालकाया पीपल के पेड़ों पर लंबे समय से मधुमक्खियों ने अपना डेरा जमाया है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर। जी हां!** आपने रेलवे स्टेशनों पर पाकेटमारों से सावधान, अपने सामानों की सुरक्षा स्वयं करें या रेलवे स्टेशन पर गंदगी ना फैलायें का बोर्ड तो अक्सर देखा होगा, किंतु पूर्व मध्य रेलवे स्थित बरकाकाना-गढ़वा रोड रेल खंड स्थित छिपादोहर रेलवे स्टेशन देश का एकमात्र पलामू टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में पडने वाले छिपादोहर रेलवे स्टेशन पर मधुमक्खियों से सावधान का बोर्ड देख यात्री हैरत से भर उठते हैं। संभवतः यह देश ही नहीं विश्व का एकमात्र स्टेशन है। जहां इस तरह का बोर्ड लगा है। पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत स्थित छिपादोहर रेलवे स्टेशन पर ऐसा बोर्ड लगाने का वाजिब कारण भी है। इस स्टेशन पर दशकों पुराने दो विशालकाया पीपल के पेड़ों पर लंबे समय से मधुमक्खियों ने अपना डेरा जमाया है। पेड़ों पर डेढ़ दर्जन से भी ज्यादा मधुमक्खी के छत्ते हैं। रेलवे स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि ये छत्ते अत्यंत खतरनाक ढंग से लटके हुये हैं। ऐसे में जरा सा धुआं उठते ही मधुमक्खियां तुरंत विचलित होकर आक्रामक हो उठती हैं। उस समय पूरा प्लेटफार्म मुधुमक्खियों से भर जाता है। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार मधुमक्खियों के हमले में यात्री घायल भी हो चुके हैं।




### बीड़ी व सिगरेट पीने की मनाही



रेल अधिकारी ने बताया कि मधुमक्खियों के कारण रेलवे स्टेशन पर बीड़ी व सिगरेट पीने की सख्त मनाही है। ऐसे में स्टेशन के आसपास चूल्हा अथवा अंगीठी जलाने का तो प्रश्न ही नहीं उठता। पीटीआर के एक अधिकारी ने बताया कि जंगलों में मधुमक्खियों के कई छत्ते हैं। वहां से गुजरते समय नागरिकों को सावधानी बरतने की हिदायत दी जाती है।

### ब्रेन हेमरेज से सेवानिवृत विद्युतकर्मी की मौत

मेदिनीनगर। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी सह सेवानिवृत विद्युत विभाग के कर्मी निजामुद्दीन 80 वर्ष की मौत बुधवार की शाम ब्रेन हेमरेज होने से हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम अचानक उनकी तबियत बिगड़ी गई। आनन फानन में स्थानीय एक चिकित्सक ने उनके घर पहुंचकर उनकी जांच की। जांच के बाद चिकित्सक ने बताया की ब्रेन हेमरेज से मौत होने की पुष्टि की। मौत की खबर सुनकर गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को उनके जनाजे की नमाज के बाद गांव से कुछ दूरी पर स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके निधन पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, बसपा नेत शेर अली, समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### जिले को मिले पांच नये पुलिस निरीक्षक, पांच का हुआ तबादला

**चतरा।** जिले को पांच नये पुलिस निरीक्षक मिले हैं। पुलिस निरीक्षक मंजू कुमारी, विपिन कुमार, अमरदीप कुमार, पप्पू शर्मा और अनील उरांव की पोस्टिंग चतरा में हुई है। वहीं चतरा में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक लव कुमार, प्रमोद पांडेय, मनोहर करमाली, विजय कुमार सिंह और रंजीत रौशन का ट्रांस्फर झारखंड जगुआर, धनबाद और रांची जिले में किया गया है।

### बीडीओ सोमा उरांव ने लिया चंदवा का अतिरिक्त पदभार



**चंदवा।** बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने चंदवा प्रखंड विकास पदाधिकारी का अतिरिक्त पदभार ग्रहण कर लिया है। बताते चलें की चंदवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार का तबादला दूसरे जिले में हो जाने के कारण चंदवा में प्रखंड विकास पदाधिकारी का पद रिक्त था। नए प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव वर्तमान में बालूमाथ प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं। उन्हें अतिरिक्त प्रभार के रूप में चंदवा का प्रखंड विकास पदाधिकारी का प्रभार दिया गया है। नए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता आम जनता की समस्याओं का समाधान करना होगा।

### युवा एक्टिव क्लब ने की बीडीओ से मुलाकात



**केतार।** केतार प्रखंड के परती कूशवानी पंचायत के युवा एक्टिव क्लब के सदस्यों ने शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने बीडीओ से जनवितरण प्रणाली दुकान, आंगनबाड़ी और शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने का आग्रह किया। इस मौके पर धर्मेन्द्र कुमार रवि, गौतम सिंह, सुदेश्वर चौधरी, रंजन, मनीष, रविंद्र, अखिलेश, छोटू ठाकुर आदि मौजूद थे।

### सौ दिन मजदूरी करने वाले किये गये सम्मानित


**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय भवन में शुक्रवार को मनरेगा दिवस मनाया गया। इस क्रम में सौ दिन कार्य पूरा करने वाले मजदूरों को सम्मानित किया गया। साथ ही साथ मनरेगा एक्ट के बारे मे विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई। बताया गया की मनरेगा एक्ट के तहत कोई भी मजदूर कार्य की मांग कर सकते हैं। कार्य मांगने के एक सप्ताह के अंदर उन्हें कार्य मुहैया कराया जाएगा। कहा गया की मनरेगा योजना से कई मजदूर के जीवन शैली में बदलाव आया है। जबकि कई मजदूर आर्थिक रूप से सशक्त बन पाए हैं। इस योजना के तहत काम की कोई कमी नहीं है। मौके पर मुखिया डेगन गंझु, सरिता देवी, बेबी देवी सहित संबंधित पंचायत के रोजगा सेवक आदि उपस्थित थे।

# ‘जन दबाव व विधायकों की एकजुटता ने फेर डाला एनडीए के मंसूबे पर पानी’

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर झारखंड में नई सरकार गठन होने पर झारखंड की जनता को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड में जनता के तीखे तेवर और इंडिया गठबंधन के विधायकों की एकजुटता देख एनडीए के मंसूबे पर पानी फिर गया, महामहिम राज्यपाल को झारखंड में चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस प्रकार पिछले दो दिनों से राज्य में जारी अनिश्चितता का पटाक्षेप हो गया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दो बार इसी अवधि में राज्य में राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा भी केंद्र को भेज दी थी। मीडिया का एक वर्ग इंडिया गठबंधन में टूट की अफवाह फैला रहा था। वहीं एनडीए के एक सांसद बार-बार एक्स पर चंपई सोरेन को बहुमत नहीं का ढोल पीट रहे थे। एनडीए की सारी कवायद फेल हो गयी क्योंकि इंडिया गठबंधन एकजुट था इसके कारण एनडीए की दाल नहीं गली। गठबंधन के बाहर की पार्टियों यानि वामदलों ने तो मोर्चा ही संभाल लिया था कि कर्नाटक, महाराष्ट्र और बिहार के बाद झारखंड की निर्वाचित सरकार को गिराने के किसी भी प्रयास का मुंहतोड जवाब दिया जायेगा और उसकी तैयारी भी शुरू हो गई थी। लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली राज्य की जनता भी एनडीए की इस चाल को समझ गयी है और अंदर ही अंदर सुलग रही है। धनबल द्वारा खरीद फरोख्त की किसी भी कोशिश पर झारखंड की जनता मुक्कमल जवाब देगी। इसलिए एनडीए ने अभी पैंतरा बदला है, लेकिन अपनी विभाजनकारी राजनीति से वे बाज नहीं आयेंगे। इसलिए वक्त का तकाजा है कि झारखंड की धर्मनिरपेक्ष शक्तियां सजग और सतर्क रहें।



### नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को जेएमएम कार्यकर्ताओं ने बुके देकर दी बधाई

**बालूमाथ।** राज्य में राजनीतिक उत्तल-पुथल के बाद 12वें मुख्यमंत्री के रूप में चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद बालूमाथ झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता ऐश्वर्या उरांव, सुरेश गंझु, राजेश यादव सहित कई झामुमो कार्यकर्ताओं ने नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को बुके देकर बधाई दी एवं क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों से अवगत कराया।

### झारखंड के अनुभवी मुख्यमंत्री साबित होंगे चंपई सोरेन : मनोज

**चंदवा।** झामुमो नेता सह प्रखंड बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले चंपई सोरेन को बधाई दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ शपथ लेने वाले कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम व सत्यानंद भोक्ता को भी बधाई दी है। मनोज चौधरी ने कहा कि झारखंड में विपक्ष के नापाक मंसूबों पर पानी फिर गया है। जिस प्रकार से एनडीए ने जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन को परेशान करने का काम किया है उसका जवाब यहां की जनता आने वाले चुनाव में जरूर देगी। उन्होंने आगे कहा कि नये मुख्यमंत्री झारखंड के लिए काफी अनुभवी साबित होंगे। चंपई सोरेन सरल स्वभाव के धनी व्यक्ति है और झारखंड नव निर्माण में उनका अहम योगदान रहा है। उम्मीद है कि वे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अधूरे कार्य को भी पूरा करने का काम करेंगे। चौधरी ने न्यायालय पर भरोसा जताते हुए कहा कि बहुत जल्द हमारे नेता हेमंत सोरेन जेल से बाइज्जत बरी होंगे। उनपर यहां की जनता का पूरा विश्वास जुड़ा हुआ है।

### चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री बनने पर नेताओं ने बांटी मिठाई

**बरवाडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन को झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर शुक्रवार को बस स्टैंड में महागठबंधन के नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई। मौके पर महागठबंधन के प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति सदस्य रविंद्र राम, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, पूर्व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह 20सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी, कांग्रेस नेता अनिल कुमार सिंह, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, शिवानंद तिवारी, मोहम्मद सईद अंसारी, नाजमी अनवर, अवधेश मेहरा, ओम प्रकाश गुप्ता, दिनानाथ राम, उमेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने की विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप में चंपई सोरेन के शपथ ग्रहण करने के उपरांत नए मंत्रिमंडल का गठन होने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई। ऐसे में मनिका विधान सभा क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओं ने विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग की है। जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मो. नसीम अंसारी ने कांग्रेस आलाकमान से अनुरोध किया है कि पलामू प्रमंडल से एक मात्र कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह को झारखंड मंत्रिमंडल में शामिल किया जाए। कहा कि सिंह को लगभग 30 वर्ष का राजनीतिक अनुभव है और अपने विधान सभा क्षेत्र का तीसरी बार प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 2023 में झारखंड विधान सभा का उत्कृष्ट विधायक भी चुने जा चुके हैं। सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल होने से पलामू प्रमंडल का सर्वांगीण विकास होगा। रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग करने वाले में प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति सदस्य रविंद्र राम, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, अनिल सिंह, शिवानंद तिवारी, अवधेश मेहरा, हलीम अंसारी, मो. सईद अंसारी आदि शामिल हैं।



### विधायक रामचंद्र सिंह को भी मिले मंत्रिमंडल में जगह : आमिर सुहैल

**महुआडांड़।** युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर सुहैल के नेतृत्व में यूथ कांग्रेस के नेताओं ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मनिका विधान सभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल करने करने की मांग की है। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आमिर सुहैल ने कहा कि आम जनता के हर दुःख दर्द को अपना दुःख समझकर उन्हें न्याय दिलाने के लिए रामचंद्र सिंह हमेशा प्रयासरत रहते हैं। समाज के हर वर्ग के दिलों में बसने वाले विधायक सिंह को मंत्रिमंडल में जगह दिया जाय। कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजेश ठाकुर ने कहा कि सिंह की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मनिका की प्रबुद्ध जनता ने उन्हें अब तक सर्वाधिक तीन बार प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है।

# चतरा लोस सीट के 66 साल बीते लेकिन नहीं बना स्थानीय सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

झारखंड के बहुचर्चित चतरा संसदीय क्षेत्र का भूगोल और इतिहास चौकाने वाला है। बाहरी उम्मीदवारों के लिए चतरा संसदीय क्षेत्र चर्चित रहा है। अभी तक के परिदृष्य के अनुसार किसी भी बड़े राजनीतिक दल ने चतरा संसदीय क्षेत्र के स्थानीय को उम्मीदवार नहीं बनाया है। इस संसदीय क्षेत्र में चतरा के अलावा पलामू का पांकी एवं लातेहार जिले का लातेहार तथा मनिका विधानसभा क्षेत्र आता है। वर्ष 1957 से अबतक चतरा संसदीय क्षेत्र का सांसद बनाने का सौभाग्य चतरा के स्थानीय लोगों को नहीं मिला है। अभी तक चतरा संसदीय क्षेत्र से जितने भी सांसद निर्वाचित हुए हैं, सभी क्षेत्र के बाहर के मतदाता रहे हैं। चतरा संसदीय क्षेत्र से 1957 में पहली बार महारानी विजया राजे सांसद बनी। उनका संबंध पदमा (रामगढ़) के राजघराने से था। वह मूलतः हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की मतदाता

### बाहरी उम्मीदवारों के लिए चतरा संसदीय क्षेत्र चर्चित रहा है

थी। वह लगातार तीन बार चतरा से सांसद बनी। वर्ष 1971 के चुनाव में शंकरदयाल सिंह सांसद निर्वाचित हुए। वे अविभाजित बिहार के औरंगाबाद जिले के थे। वर्ष 1977 में बिहार के जहानाबाद निवासी सुखदेव प्रसाद वर्मा चुने गए। इसके बाद 1980 में गया निवासी रंजीत सिंह, 1984 में धनबाद के योगेश्वर प्रसाद योगेशे सांसद निर्वाचित हुए। लगातार दो बार 1989 और 1991 में निर्वाचित सांसद उपेंद्रनाथ वर्मा का संबंध गया के मानपूर से था। इनके बाद गया निवासी धीरेन्द्र अग्रवाल को 1996 एवं 1998 में लगातार दोबारा सांसद बनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। 1999 में सांसद बनने वाले नागमनी मूलतः जहानाबाद के थे। वर्ष 2004 में एक बार फिर धीरेन्द्र अग्रवाल को सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वर्ष 2009 के संसदीय आम चुनाव में चतरा के मतदाताओं ने इतिहास रचते हुए झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष पलामू के डाल्टनगंज निवासी इन्दर सिंह नामधारी को मौका दिया। श्री नामधारी ने यह चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ा था। इसके बाद वर्ष 2014 एवं 2019 में बक्सर एवं रांची से ताल्लुक रखने वाले सुनील कुमार सिंह ने लोकसभा में प्रवेश किया। इस प्रकार चतरा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद चतरा के मतदाता नहीं रहे हैं। बाहरी उम्मीदवारों का दबदबा रहा और चतरा के निवासी यह बर्दाश्त करते आ रहे हैं। अब इंतजार है 2024 के संसदीय चुनाव का, जिसमें चतरा के मतदाता इसबार क्या गुल खिलते हैं? हालांकि विभिन्न पार्टियों के उम्मीदवारों ने चतरा का दौरा शुरू कर दिया है। इस तरह चतरा संसदीय क्षेत्र किसी स्थानीय उम्मीदवार के लिए तरस रहा है।

### ‘जंगल उजाड़ कर वन भूमि बेचने वालों पर कार्रवाई हो’

**लातेहार।** चंदवा प्रखंड में जंगल को उजाड़ कर वन भूमि का पट्टा लेकर उसे कॉरपोरेट कंपनी को बेचने का तैयारी की जा रही है। झाविस



नेता सह समाजसेवी रवि डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि चंदवा के चकला पंचायत में हिंडाल्को कंपनी द्वारा वन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके बड़े पैमाने पर औने-पौने दाम पर खरीदा जा रहा है। ये प्रकरण अपने आप में एक बहुत बड़ा जघन्य अपराध है। वन विभाग के अधिकारियों की चुप्पी और टालमटोल करना बहुत बड़ा भूमि घोटाले को दर्शा रहा है। उन्होंने लातेहार उपायुक्त, पलामू आयुक्त, झारखंड के राज्यपाल व मुख्यमंत्री से वन विभाग की जमीन को लूटने से बचाने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# श्रेष्ठ उत्पादन करने वाले 75 कृषकों को किया गया पुरस्कृत

## किसान मेला सह फल, फूल व सब्जी प्रदर्शनी का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिला स्तरीय किसान मेला सह फल फूल एवं सब्जी प्रदर्शनी का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र कुल्लू मोड़ चतरा में शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त अबु इमरान शामिल हुए और दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिले के सभी प्रखंडों से किसान अपने कृषि उत्पाद के साथ भाग लिए। किसान द्वारा लाए गए विभिन्न उत्पादों को वैज्ञानिकों द्वारा ग्रेडिंग के उपरांत श्रेष्ठ उत्पादों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से उत्साह वर्धन हेतु पुरस्कृत किया गया। मेले में कुल 25 प्रकार के उत्पादों की प्रदर्शनी की गई।

साथ ही कृषि से संबंधित अन्य विभागों के साथ खाद्य, बीज, कीटनाशी एवं कृषि यंत्र के कम्पनियों द्वारा कुल 15 स्टॉल लगाया गया। मेले में वैज्ञानिकों द्वारा




कृषि से संबंधित विस्तृत तकनीकि जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न किसानों द्वारा व कृषि यंत्र के कम्पनियों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का उपायुक्त ने निरीक्षण कर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। वहीं नवोदय विद्यालय के छात्रों का कृषि विज्ञान केन्द्र चतरा में चल रहे 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया एवं कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वहीं आत्मा चतरा द्वारा पूर्व में चयनित 25 किसानों को राज्य सहाय अनुदान के तहत अन्तर्राज्य प्रशिक्षण हेतु आईआईभीआर वारानसी के लिए उपायुक्त व उप विकास आयुक्त त्कर्ष गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त प्रदर्शनी कार्यक्रम में उपरोक्त अधिकारी के साथ जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, जिला सहकारिता पदाधिकारी निलम कुमारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे।

# गिद्धौर में नहीं थम रही ट्रैक्टर से बैट्री चोरी होने की वारदात



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव से अज्ञात चोरों ने गुरुवार की देर रात घर के पास खड़े ट्रैक्टर से बैटरी की चोरी कर ली। बैटरी की चोरी गांगपुर गांव निवासी नोमन साव के घर के समीप खड़े ट्रैक्टर से की गई है।

वहीं दूसरी तरफ थाना क्षेत्र के पेक्सा गांव से जगदेव कुमार बालेश्वर दांगी तथा मिथिलेश दांगी के भी ट्रैक्टर की बैटरी की चोरी कर ली गई है। इसी तरह से एक सप्ताह के अंदर प्रखंड में दर्जनों ट्रैक्टर की बैटरी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस बाबत भुक्तभोगीयों ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की अपील की है। बताते चले की ट्रैक्टर से बैटरी की चोरी की वरदात दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वहीं थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने कहा है कि पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। ऐसे सभी चोर उचक्के जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

### दो आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने लातेहार जिले का मान बढ़ाया

**लातेहार।** जिले के स्वास्थ्य विभाग के दो आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने जिले का मान बेहतर गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवायें प्रदान कर लातेहार स्वास्थ्य विभाग का गौरव बढ़ाया है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने नेशनल क्वालिटी ऐसुरेनश स्टेंडर्ड में अव्वल स्थान प्राप्त की है। सटिस्फाइटेड लक्ष्य कार्य से सम्मानित होने पर सीएचसी स्वास्थ्य विभाग में अपार खुशी व्यक्त किया जा रहा है। उदयपुरा और करमाही आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्देश्य है सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं को आमजनों तक बेहतर ढंग से उपलब्धता सुनिश्चित करना ताकि मरीज को अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। चयनित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का प्रत्येक छह माह पर जांच सेंट्रल एवं राज्यस्तरीय टीम द्वारा किया जायेगा।

# सेवानिवृत्त पुलिस अवर निरीक्षक को दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक जौरा बाखला को सेवानिवृत होने के पश्चात थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित कर भावपूर्ण विदाई दी गई। समारोह में सेवानिवृत्त पुलिस अवर निरीक्षक को थाना परिवार के द्वारा अंग वस्त्र के साथ अन्य उपहार देकर विदाई दी गई। वहीं विदाई समारोह को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी गुलाम सरोवर ने कहा कि श्री बाखला का कार्यकाल काफी अच्छा रहा है। उनकी कमी थाना को खलेगी। उनका मार्ग दर्शन हमलोग को जरूर मिलता रहेगा। सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति व स्थानांतरण सहित अन्य प्रक्रिया चलते रहता है। अन्य वक्ताओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा, हिमांशु शेखर, रंजन सिंह, अशोक पांडेय के अलावा कई पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

### जेएसएलपीएस कर्मियों ने बीपीएम को दी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

जेएसएलपीएस कार्यालय कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर शुक्रवार को जेएसपीएल के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुनिल कुमार को स्थानांतरण होने पर सखी मंडल की महिलाओं एवं कर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। बीपीएम कुमार का तबादला गढ़वा जिला के मेराल प्रखंड में हो गया है। वहीं चतरा सदर के बीपीएम दीपक कुमार सिंह बारियातु में बीपीएम का पदभार लेंगे। उन्होंने सखी मंडल को आगे बढ़ाने और महिलाओं को रोजगार से जोड़ने एवं जागरुकता लाने में अहम भूमिका निभाई। विदाई समारोह के पूर्व टोंटी व बारियातु सीएलएफ की दीदीयों द्वारा बुके, शॉल व गिफ्ट देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर बारियातु सीएलएफ सचिव गीता देवी, टोंटी अध्यक्ष मंजु देवी, सीसी मनीष गुप्ता व अशेश्वर प्रजापति, दीपाली देवी, सोनी खातुन, ज्योति गुप्ता, बैंक सखी सुनैना रानी, सबीता देवी, सरिता सिन्हा, अमिता लोहरा, राजमनी देवी आदि उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम | बिहार लेलिन शहीद जगदेव प्रसाद की 103वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई

# ‘बाबू जगदेव के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत’

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

सदर प्रखंड के उंटा देवी मंडप में शुक्रवार को बिहार लेलिन शहीद जगदेव प्रसाद की 103वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय पूर्व मंत्री नागमणि व बिहार के गुरुवा विधानसभा क्षेत्र के जसराज कुशवाहा थे। कार्यक्रम के पहले जगदेव प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित का श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय पूर्व मंत्री नागमणि ने कहा कि अमर शहीद जगदेव प्रसाद जीवन पर्यन्त पिछडे, दलित व समाज के अंतिम कतार में खड़े लोगों के हक की लड़ाई लड़ते रहे। उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। जगदेव बाबू सदैव राष्ट्र निर्माण व गरीबों के लिए संघर्ष करते रहे। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि जाति-धर्म से उपर उठकर जगदेव प्रसाद समाज के वंचित लोगों के लिये अंतिम सांस तक लड़ते रहे। आज एक बार फिर से समय आ गया है कि अपने हक व अधिकार के लिए बाबू जगदेव प्रसाद के बताएं हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता दांगी कुशवाहा समाज के जिलाध्यक्ष केदार प्रसाद दांगी व संचालन प्रोफेसर श्याम सुंदर प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में मुख्यालय डीएसपी केदार राम, पत्थलगड़ा के जिप सदस्य रामसेवक दांगी, दागी समाज को कोषाध्यक्ष देवनारायण दांगी, राजू लाल वर्मा, पूर्व मुखिया सतीश दांगी, देवनारायण दांगी, मनोज कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार, संतोष कुमार निराला, सुरेंद्र दांगी, सुग्रीव दागी, शिव शंकर दांगी, मुसाफिर दांगी व वासुदेव दांगी शामिल थे।

# डायन प्रथा जागरूकता रथ को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

महिला बाल विकास विभाग एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड रांची के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त अबु इमरान ने दो डायन प्रथा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह जागरूकता रथ जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों, विभिन्न प्रखण्डों के हाट बाजरों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर रोस्टर अनुसार घूम-घूम कर आम जनों को जागरूक करने का कार्य करेगी। ताकि सामाज में व्याप्त इस कुप्रथा के प्रति लोगों में जागरूकता लाया जा सके। बताया गया कि धारा 3 के तहत डायन की पहचान करने वाले व्यक्ति



को 03 माह का कारावास अथवा 1000 (एक हजार) का जुमार्ना अथवा दोनो। धारा-4 के तहत प्रताड़ित करने का हजार्ना 06 (छः) माह तक का कारावास अथवा 2000 (दो हजार) का जुमार्ना अथवा दोनो। धारा-5 के तहत डायन का पहचान के दुष्प्रेरण 03 माह का कारावास अथवा 1000 (एक हजार) का जुमार्ना अथवा दोनो सजा दण्डित किया जा सकता है। मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनि कुमारी समेत जिले अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

